बिहार सरकार

# STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

आनन्द किशोर, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक

संचिका संख्या SHSB/PM/182/07 –I
आदेश संख्या 8498 दिनांक 01.12.14

## कार्यालय आदेश

राज्य के अस्पतालों में आवश्यक दवाओं/चिकित्सीय सामग्रियों की जिलों के स्तर से स्वयं क्रय करने हेतु Drug Tender Round IX में M/s Om Surgical Industries. 7.7 KM Stone. Vill & PO- Titoli. Jind Road. Rohtak. Haryana का Absorbent Cotton Wool 500 gm का दर अनुबंध कर कार्यालय पत्रांक 8443 दिनांक 1.10.2012 के द्वारा जिलों के सिविल सर्जन एवं चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों को संसूचित किया गया था।

2. सिविल सर्जन, पूर्णिया, गया एवं अधीक्षक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल दरभंगा के द्वारा मेसर्स ओम सर्जिकल इंडस्ट्रीज के द्वारा आपूर्ति की गयी Absorbent Cotton की गुणवत्ता मानक प्रतीत नहीं होने की सूचना प्राप्त होने पर राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के पत्रांक 9061 दिनांक 13.11.2013 के द्वारा राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार को संबंधित फर्म के द्वारा जिलों में आपूर्ति की जा रही Absorbent Cotton-500 gms की गुणवत्ता जॉच कराने हेतु अनुरोध किया गया था।

3. राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के उक्त पत्र के आलोक में राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार के पत्रांक 1250(15) दिनांक 22.11.2013 के द्वारा सूचित किया गया कि M/s Om Surgical Industries के पटना स्थित डीपो पर औषधि निरीक्षकों के दल द्वारा जॉच कराया गया। निरीक्षण के क्रम में औषधि निरीक्षकों के द्वारा डीपो में भंडारित Absorbent Cotton-500 gms की बैच संख्या 1172. 1194 एवं 1258 के नमूना को संग्रहित कर जॉच एवं विश्लेषण हेतु बिहार औषधि नियंत्रक प्रयोगशाला भेजा गया। गुणवत्ता जॉचोपरांत सरकारी विश्लेषक के द्वारा उक्त तीनों बैचों में से दो बैच यथा- 1194 एवं 1258 को निम्नस्तरीय (अवमानक) घोषित किया गया।

4. उक्त के परिप्रेक्ष्य में राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार के निदेश पर विभिन्न जिलों यथा- नमूना मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया, पूर्णिया, पटना, सिवान, मधेपुरा, भागलपुर, गोपालगंज, बेगुसराय, दरभंगा एवं भोजपुर के ओषधि निरीक्षकों के द्वारा उक्त फर्म के Absorbent Cotton का नमूना संग्रहित कर जॉच एवं विश्लेषण हेतु भेजा गया। राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार के पत्रांक 1319(15) दिनांक 17.12.2013 के द्वारा सूचित किया गया कि M/s Om Surgical Industries के द्वारा निर्मित्त Absorbent Cotton की बैच संख्या 1255. 1274. 1276. 1300. 1197. 1199. 1195 एवं 1172 गुणवत्ता जॉचोपरांत अवमानक स्तर का पाया गया है।

5. राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 9527 दिनांक 29.11.2013 के द्वारा सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविधालय अस्पताल एवं सिविल सर्जन को M/s Om Surgical Industries. 7.7 KM Stone. Vill & PO- Titoli. Jind Road. Rohtak. Haryana द्वारा निर्मित Absorbent Cotton wool I.P.-500gms के बैच नं० 1258 एवं 1194 के उपयोग एवं

Contd..2

STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

बिहार सरकार

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन



वितरण पर रोक लगाते हुये अप्रयुक्त भंडार (unused stock) को संबंधित निर्माता संस्थान को वापस कर क्रय राशि वसूल करने कर निदेश दिया गया है।

6. राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यालय पत्रांक 9526 दिनांक 29.11.2013 के द्वारा M/s Om Surgical Industries. Rohtak. Haryana से कारणपृच्छा किया गया था जिसके आलोक में संबंधित निर्माता संस्थान से प्राप्त स्पष्टीकरण समीक्षोपरांत संतोषजनक एवं स्वीकार करने योग्य नहीं पाया गया है।

7. उक्त सभी बिन्दुओं पर व्यापक समीक्षा की गयी एवं सम्यक विचारोपरांत M/s Om Surgical Industries के द्वारा निर्मित्त Absorbent Cotton Wool IP की दस बैचों की गुणवत्ता अवमानक स्तर (Not of Standard Quality) के पाये जाने के कारण निविदा आमंत्रण सूचना के Tender Condition की कंडिका 'o' एवं 'u' की शर्त का उल्लंघन तथा राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों को निम्नस्तरीय Absorbent Cotton की आपूर्ति करने के आरोप में दर अनुबंध की कंडिका 07.02. 07.05. 16.01)b). 24.01 तथा जिलों को भेजी गयी दर संसूचन पत्र के Term & Condition 08.05. 08.08. 08.11 एवं 12 में सन्निहित प्रावधानों के तहत M/s Om Surgical Industries को पॉच वर्षो के लिए काली सूची में दर्ज करते हुए उक्त निर्माता संस्थान को बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति/जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने पर रोक लगायी जाती है।

आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त आशय की सूचना सभी संबंधित को अविलंब दिया जाये एवं सर्वसाधारण के सूचना हेतु इसे राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार के वेबसाईट पर भी उपलब्ध करा दिया जाये।

(कार्यपालक निदेशक)

ज्ञापांक 8498

पटना, दिनांक 01.12.14

**प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : सभी जिला पदाधिकारी/सभी पुलिस अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए निदेशित है कि उक्त निर्माण संस्थान पर औषधि एवं अंगरांग अधिनियम 1940 एवं तत्संबंधी नियमावली 1945 के तहत नियमानुसार अभियोजन दायर कर प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करें।

**प्रतिलिपि** : सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : प्रशासी पदाधिकारी/सभी वरीय उपसमाहर्ता, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**: सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल/निदेशक, इंदिरा गॉधी आयुर्विज्ञान संस्थान शेखपुरा पटना/निदेशक, इंदिरा गॉधी हृदय रोग संस्थान, पटना/प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Contd..3

# STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org




**प्रतिलिपि** : अनुज्ञापन प्राधिकारी, औषधि नियंत्रण प्रशासन, पटना (शहरी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : M/s Om Surgical Industries, 7.7 KM Stone, Vill & PO- Titoli, Jind Road, Rohtak, Haryana /स्थानीय डीपो- M/s Om Surgical Industries, Ground Floor, Sector-1A/8, Nilkanth Colony, Ashiana Road, Patna- 800025 को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

(कार्यपालक निदेशक)